# Road Safety Club

आज दिनांक 09 मार्च 2023 को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनुका थपलियाल मुख्य अतिथी के रुप में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरुकता विषय पर भाषण, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। निर्णायक मण्डल द्वारा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया तथा उन्हें मुख्या अतिथी द्वारा पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कृष्ण कुमार ने प्रथम तथा अनीता शर्मा ने द्वितीय सिमरन सूद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण में भानुप्रिया ने प्रथम लोकेश ठाकुर ने द्वितीय तथा काजल ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में संजना ने प्रथम मेघा शर्मा ने द्वितीय तथा वीरेन्द्र कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 11 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कारों ने नवाज़ा गया। सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक डॉ. विकास कुमार ने मुख्यातिथी तथा अन्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम के उदेश्यों तथा गतिविधियों की रुपरेखा पर प्रकाश डाला गया। उन्होने सड़क सुरक्षा क्लब की आगामी दिनों आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधयों से संबधित जानकारी भी सभी के समक्ष रखी।

मुख्यातिथी डॉ. रेनुका थपलियाल द्वारा अपने संबोधन में सभी छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के विविध पक्षों से अवगत करवाया गया तथा उन्होने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के सजगतापूर्ण पालन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होने सभी से आहवाहन किया कि संव्य जागरुक होकर दूसरों को भी जागरुक करें तथा पूरे समाज को सुरक्षित बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों डॉ. दुनी चन्द, प्रो. लीना वैद्या, प्रो. ईशान मार्वल, प्रो. रामानन्द, डॉ. योगराज, डॉ. श्रवण कुमार तथा महाविद्यालय के लगभग 180 बच्चों ने भाग लिया।

# भाषण में कृष्ण कुमार रहे अव्वल

बंजार (कुल्लू)। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में सड़क सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों को यातायात नियमों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में भाषण, नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। भाषण स्पर्धा में कृष्ण कुमार ने बाजी मारी। अनिता शर्मा ने द्वितीय और सिमरन सूद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में भानुप्रिया ने प्रथम, लोकेश ने द्वितीय, काजल ने तृतीय स्थान पाया।

नारा लेखन में संजना ने प्रथम, मेघा शर्मा ने द्वितीय तथा विरेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त 11 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से भी नवाजा गया। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रेणुका थपलियाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के विभिन्न पक्षों से अवगत करवाया। इस दौरान डॉ. विकास कुमार, डॉ. दुनी चंद, प्रो. लीना वैद्या, प्रो. ईशान मार्वल, प्रो. रामानंद, डॉ. योगराज आदि उपस्थित रहे। संवाद

Traffic Symbol Signs And Road Safety Signs
ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS
Sadak
Suraksha-
Raksha
Turn left ahead
No left turn
No motor vehicles
Bend to left
No overtaking
Two way traffic
Road work
Hump
Roundabout
STOP
GIVE WAY
Patrol

PREVENTIVE TRAFFIC SIGNS
ROAD SAFETY CLUB
होगी सुरक्षा जहाँ पर,
लगायेगी गले वहां पर.
Welcomes You
GOVT. DEGREE COLLEGE
BANJAR
Road Signs यातायात संकेत

Welcomes You
GOVT. DEGREE COLLEGE
BANJAR
Road Signs यातायात संकेत